(व्यवधान)...यह हम पर इल्जाम नहीं लगा सकते । ... (व्यवधान)... हमने यह कहा कि अगर गुजरात के अंदर ...(व्यवधान)...

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : उपसभाध्यक्ष महोदय, यह अपने शब्द वापिस लें । जब तक यह अपने शब्द वापिस नहीं लेंगे...(व्यवधान)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY): You please listen to what he says.

एक माननीय सदस्य : यह अपने शब्द वापिस लें ।...(व्यवधान)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY): Hon. Member, I request you to please conclude now. (*Interruptions*) You please take your seats. You don't even listen to what is being told.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : मैंने यह कहा था कि...(व्यवधान)...

डा० अबरार अहमद खान : यह अपने शब्द वापिस लें । यह नहीं हो सकता । ...(व्यवधान)...

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : श्रीमन्, अंतिम बात कह रहा हूं ।...(व्यवधान)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY): I will go through the record. If there is anything against the secular sentiments of this House, we will go through it. That is all. You please take your seats.

डा० अबरार अहमद खान : हम सब कुछ बर्दाश्त कर सकते हैं, लेकिन यह नहीं हो सकता । ...(व्यवधान)....

THE VICE-CHAIRMAN (DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY): We are for secularism. We fight for secularism. You please take your seats. This is very unfair. You have been given a chance to speak. (*Interruptions*). Are you interested in maintaining communal peace or not? Please take your seats (*Interruptions*) Let him finish.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : श्रीमन्, अगर मेरे किसी साथी को कोई बात बुरी लगी है तो मैं माफी चाहता हूं । लेकिन मैंने किसी के खिलाफ कोई बात नहीं कही है । मैंने सिर्फ इतना कहा है कि इस बात की भी जांच होनी चाहिए कि वहां पर क्या कोई पाकिस्तानी एजेन्ट तो काम नहीं कर रहे हैं । लेकिन मैं फिर पहली बात दोहराना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान के अंदर बड़ी दुखद स्थिति है । साम्प्रदायिक झगड़े हो रहे है । मैं और मेरी पार्टी इस बात मे विश्वास रखती है कि यदि किसी का खून बहता है तो वह मुसलमान का खून नहीं बहता, मेरे भाई हिन्दुस्तानी का खून बहता है । लेकिन विदेश का कोई आदमी किसी जगह काम करे, मैं उसकी मुखालफत करता हूं और इस मामले में हम राजनीति को नहीं लाना चाहते हैं ।...(व्यवधान)

THE VICE-CHAIRMAN (DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY): I request the hon. Minister to make the statement now. All the Members of the House are waiting for the statement that has been demanded by all sections of the House. I request the Hon. Minister to make the statement.

SHRI SYED SIBTEY RAZI (Uttar Pradesh): Mr. Vice-Chairman, Sir, I want to ask just one question.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY): I have given several Members of your party a chance to speak and they have expressed their opinion.

Yes, Mr. Minister.

STATEMENT BY MINISTER—COMMUNAL SITUATION IN GUJARAT

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI MUFTI MOHAMMAD SAYEED): Sir,...

SOME HON. MEMBERS: Sir, we have not got copies of the statement.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY): Within half an hour the Minister has brought out the statement. The copies will be coming to you. (*Interruptions*).

SHRI DIPEN GHOSH (West Bengal): Sir, I appeal to Mr. Jacob and all the other colleagues that when all of us have requested the Minister to make the statement, let us hear him and we can ask clarifications later on.

SHRI SYED SIBTEY RAZI (Uttar Pradesh): Is the Hon. Minister intervening on the suggestions given by the hon. Members or is he laying the statement on the Table of the House?

THE VICE-CHAIRMAN (DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY): On the request of all the Members, he is making a statement.

SHRI SYED SIBTEY RAZI: Then we can ask for clarifications later on.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY): That we will consider after he makes the statement.

SHRI MUFTI MOHAMMAD SAYEED: Mr. Vice-Chairman, Sir, Gujarat has recently witnessed a number of communal incidents in some districts. These incidents, unrelated to each other, are the result of the machinations of anti-social elements. The State Government has taken effective steps against such elements. I would like to re-assure this august House that the sinister designs of communal and divisive forces will not be allowed to succeed.

The first of these incidents in Gujarat occurred at Patan in Mehsana district on the 10th March, 1990. A clash between some Hindus and Muslims on a minor issue of black-marketing of cinema tickets led to a communal riot which resulted in the death of 5 persons and injuries to 41 persons. The situation was brought under control by the State Government and peace was restored in the area. On 25-3-90, another communal incident took place, at Baroch, after an incident of alleged misbehaviour against a girl by a few persons belonging to a different community. Anand and Bhalej towns in Kheda district witnessed communal disturbances from 27-3-90 to 31.3-90, in which two persons died and 16 persons were injured. Baroda and Palanpur had communal problem on the 6th and 7th of April, 1990, as a sequel to rallies organised in connection with incidents in Kashmir. Ahmedabad which had remained peaceful suddenly witnessed communal tension following a fatal stabbing incident on 3-4-90. There was a sharp spurt of violence in Ahmedabad which resulted in 32 deaths and injuries to 126 persons. The total number of deaths in Gujarat due to these communal incidents is 48. 230 persons have been injured in these communal riots.

The State Government has imposed curfew in sensitive areas both in Ahmedabad and Baroda. 364 persons have been arrested. Patrolling in affected areas has been intensified. Army columns have staged flag march in Ahmedabad and Baroda. Massive combing operations to detect illegal weapons have been launched. Preventive arrests of anti-social elements have been made. Provisions of Terrorist and Disruptive Activities Act have been invoked in some cases. Deployment of police and para-military forces has been augmented. The Central Government has also rushed in additional forces to Gujarat.

The State Government has also taken steps to ensure maintenance of essential supplies in the affected areas. Relief and rehabilitation work has also been taken up. Assistance of various voluntary organisations has also been taken in maintaining communal peace as well to supplement the work relating to relief to the riot affected families.

I am in constant touch with the Chief Minister and all possible help and assistance by the Central Government to maintain peace and harmony is being provided. It has been urged on the State authorities to

restore normalcy immediately. I need hardly mention about the firm resolve of the Government that elements trying to vitiate communal situation in the country will not be spared. The vast majority of our people in Gujarat or anywhere else in the country want to live in peace and have displayed communal amity. I am sure, this august House will join me in making an earnest appeal to all citizens to eschew violence, shed distrust and work whole-heartedly for the restoration of communal harmony and normalcy.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY)): Mr. Valiullah.

SHRI RAOOF VALIULLAH (Gujarat): Mr. Vice-Chairman, Sir, in the statement made by the hon. Home Minister, there is no mention whether the Home Ministry has any evidence or any information about the extremists from across the border. If this is not in the statement because the news which is being spread in Gujarat—some editorials have also appeared in the vernacular Press—is totally baseless, I understand. But the Home Minister must state the position clearly.

Secondly, there is a mention in the statement that the State Government has also taken steps to ensure maintenance of essential supplies in the affected areas. Sir, I have been in Ahmedabad for the last four days. I returned only last night. I was moving in the most sensitive and affected areas, namely, Gomtipur, Bapunagar, Dariapur and Kalupur. There is indefinite curfew and, therefore, there is no question of mainteance of essential supplies. Only last night, we represented to the Chief Minister and he promised us that adequate steps would be taken to ensure that essential commodities are rushed. I do not know how the Home Minister can make a statement that it is being ensured that essential commodities reach the riot-affected areas, particularly, where there is indefinite curfew and there is flag march by the Army.

Thirdly, relief and rehabilitation measures. I have information that, unofficially, there have been two such relief camps organised by the local organisations. So far, the Government has not announced any relief measures, or, opened any relief camps. I would, therefore, like to know from the Home Minister, from where he got the information that relief and rehabilitation measures are being undertaken in Ahmedabad because there are no such relief camps organised by the State Government.

I would also request the Home Minister to clearify whether these extremists or terrorists, the so-called extremists and terrorists, who have come from across the border, are active in Gujarat. If there is any such information, he may share the information with the House.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA (West Bengal): Sir, I am constrained to say that the statement issued by the Home Minister does not reflect the depth of the crisis that has engulfed the entire State of Gujarat. It is quite clear from the statement itself that the communal disturbances and communal flareup have been continuing for a prolonged period of time. The things have not come up in a day or in a week's time. In view of these prolonged communal disturbances many lives have been lost, property worth crores of rupees has been destroyed and I think the steps that have been taken by the Government fall much short of the requirements.

Sir, it has been amply proved that the Government has not been able to control the situation there. Still the Home Minister says that he would issue an appeal, a pious appeal. My experience of communal disturbances is that such appeals, pious appeals, do not bring peace in a situation when communal tensions mount like this. Therefore, my first question is, why

is not the army being called out? There is only a flag march. I demand that the communal riot-affected areas of Gujarat should be handed over immediately, without further loss of time, to military. Military must be given the responsibility to quell the riot that has been going on there. No pious appeal, no administrative step will bring peace in Gujarat because the Government has totally failed in restoring peace in that area.

Secondly, I would like to know whether the Government is relying on secular forces to assert their influence. There is no mention whether peace committees have been formed, whether different political parties have met. There is no mention if all-party peace committees have been formed. I believe, this lopsided attitude of the Government will not bring peace. The hon. Home Minister must tell us whether he feels that there has been a total break-down of law and order and if so, why military will not be called out. My second question is about all-party peace committees and thirdly, whether the secular peace-loving forces will be activated to counteract this kind of barbarous communal forces there, whether they are represented by the Vishwa Hindu Parishad or Muslim fundamentalist organisations.

SHRI JAGESH DESAI (Maharashtra): Mr. Vice-Chairman, Sir, the statement of the Minister is very sketchy, giving no other information except what we have been reading in the newspapers. Yet I would like to ask a few questions.

It is said that 364 persons have been arrested. I would like to know whether these persons were interrogated, whether their antecedents have been checked and whether some revelation has been made by them.

230 persons have been injured. I want to know how many of them are still in hospital, how many of them are serious and how many of them are out of danger.

About supply of essential commodities, my friend Valiullah has rightly pointed out that if there is curfew how you are distributing essential commodities to the persons in the riot-affected areas. What is the procedure adopted in this respect?

Lastly, is the Home Minister going to visit the riot-affected areas in Ahmedabad and Baroda? Will the Prime Minister also go there so that the people could gain confidence? Presently, the Gujarat Government is a coalition Government of the Janata Dal and the Bharatiya Janata Party. From the reports which we are reading in newspapers, Vishwa Hindu Parishad and, to some extent, BJP have instigated people. That kind of reports are there. I do not know whether they are right or wrong. But as I asked earlier, if those who have been arrested have been interrogated, what the Government has found out and whether it is a fact that because the BJP is supporting the Janata Dal at the centre, that is why the Government there is also soft towards these communal elements. I would like to have these answers from the Minister and I am sure, he will reply to the points raised by me.

श्री मोहम्मद सलीम (पश्चिमी बंगाल) माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, गृह मंत्री जी के स्टेटमेंट से हमें यह पता चलता है कि हमारे देश में पिछले कई सालों से स्थिति बिगड़ती दिखाई दे रही है और एक के बाद एक साम्प्रदायिक फसाद या फिरकावराना फसाद होते जा रहे हैं । पिछले सालों में ये बढ़ भी गये हैं और इनसे हमें काफी नुकसान भी उठाना पड़ा है । इस स्टेटमेंट से यह भी पता चलता है कि गुजरात में 10 मार्च को घटनायें घटनी शुरु हुई और एक के बाद एक घटना घटी और अप्रैल के महीने में 3 तारीख से, 4 तारीख से, यह चल रहा है । एक जगह गृह मंत्री जी ने बताया है कि बड़ौदा और पालनपुर में काश्मीर के मामले को लेकर जुलूस निकले । हमें वे बतायें कि वे कौन सी ताकतें थीं जिन्होंने जुलूस निकाला, वे कौन से संगठन

थे और वे क्या स्लोगन्स दे रहे थे ? जब 3 तारीख को अहमदाबाद में फसाद हुए और उसके पहले दूसरे शहरों में भी हुए थे, इसके बावजूद सरकार ने क्या कदम उठाये । मैं श्री गुरुदास गुप्ता जी से सहमत हूं कि ऐसे मामलों में मिलिटरी को बुलाया जाय और इसको रोका जाय । लेकिन प्रिवेंटिव मेजर्स लेने के लिए और जब कि 3 तारीख को अहमदाबाद में फसाद हो रहा था और 6 और 7 को आसपास के दूसरे शहरों में फसाद हो रहे थे तो सरकार ने क्या बंदोबस्त किया ? मैं यह भी जानना चाहता हूं कि प्रोवोकेटिव स्लोगन्स कौन-कौन से दिये गये हैं ? इसके साथ साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जैसा श्री दीपेन दा ने कहा, जो सेकुलर फोर्सेज हैं उनको हमें आगे लाना चाहिए और जो नेशनल पोलिटिकल पार्टीज हैं जो जिम्मेदार हैं और सेकुलर माइंडिड हैं, उनके साथ मिलकर कोशिश करनी चाहिए और एडमिनिस्ट्रेशन को उनके जजबात को साथ लेकर चलना चाहिए । चाहे हिन्दू साम्प्रदायिकता है या मुस्लिम साम्प्रदायिकता है, उनका मुकाबला करना चाहिए ताकि ऐसे झगड़े बार-बार न हों । रोक-थाम के लिए सरकार को फर्म एक्शन लेना चाहिए ।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY): Shri Atal Bihari Vajpayee.

SHRI SYED SIBTEY RAZI: Sir, my name is there.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY): I am giving opportunity to members from all parties to speak on this very very important issue. You must cooperate with the Chair.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (मध्य प्रदेश) महोदय, मुझे खेद है कि मैं सदन में अभी आया हूं । गृह मंत्री के वक्तव्य से पहले जो यहां आज चर्चा हुई थी उसको मैंने नहीं सुना था । जहां तक गृह मंत्री के वक्तव्य का प्रश्न है, ऐसा लगता है कि गुजरात में साम्प्रदायिक स्थिति ने बहुत ही गम्भीर और चिन्ताजनक रुख अख्तियार कर लिया है । गृह मंत्री महोदय ने कहा कि अलग अलग स्थानों पर हुई घटनायें यद्यपि जुड़ी हुई नहीं हैं, लेकिन जो पूरी तस्वीर सामने आती है वह हम सब के लिए खतरे की घंटी है । अलग अलग स्थानों पर भी अगर ये सब घटनायें होती हैं और साम्प्रदायिक शांति को खतरे में डाला जाता है, कर्फ्यू लगाने की जरुरत पड़ती है, अहमदाबाद और बड़ौदा में फौज बुलाई जाती है तो समझना चाहिए कि प्रशासन को और भी सजग होकर और कड़ाई के साथ स्थिति का सामना करना पड़ेगा । इस समय काश्मीर में संकट है, पड़ौसी देश के साथ हमारे संबंध अच्छे नहीं हैं । साम्प्रदायिक शांति बनाये रखना हमेशा ही आवश्यक है, लेकिन इस समय तो और भी आवश्यक हो गया है । अगर ऐसी शक्तियां हैं जो उपद्रव पर उतारु हैं तो उनको बेनकाब किया जाना चाहिए ।

मैं पूछना चाहता हूं कि सिनेमा के टिकट पर पाटन में 10 मार्च को झगड़ा शुरु हुआ । सिनेमा के टिकट का ब्लैक हो रहा था । ये ब्लैक कौन कर रहा था ? सिनेमाघर किसका है ? कौन सा आदमी इसमें फंसा हुआ था, उस आदमी का नाम भी मेरे पास है और उस आदमी का सम्प्रदाय भी है मगर मैं उस में नहीं जाना चाहता हूं । (व्यवधान) सवाल यह है कि बात कैसे बढ़ी ?

दूसरी बात मैं यह पूछना चाहता हूं कि क्या यह सच है कि खेड़ा डिस्ट्रिक्ट में जो आनंद तालुका में भालेज स्थान है जिसमें 27 मार्च, 1990 को दंगा हुआ उसमें विश्व हिन्दू परिषद् के खेड़ा जिला के जो प्रेजीडेंट थे उनकी हत्या की गई । यह हत्या किस ने की ? क्या यह भी विश्व हिन्दू परिषद् वालों ने की ? इस हत्या के पीछे किस का हाथ है ? मेरी जानकारी है और गृह मन्त्री महोदय को भी यह तथ्य मालूम होगा कि उस हत्या के बाद बड़ा भारी जुलूस निकला और उपद्रव फैल गया । अब हत्यारों को पकड़ना चाहिये । उनको कड़ी सजा मिलनी चाहिये । मगर हत्या की भी निन्दा होनी चाहिये । साम्प्रदायिकता की एक तरफ निन्दा करने से काम नहीं चलेगा । अगर विश्व हिन्दू

परिषद् का अध्यक्ष मारा जाता है, किस ने मारा, क्यों मारा ?

मैं एक बात प्रशासन के बारे में कहना चाहूंगा । यह ठीक है कि वहां सरकार में हम शामिल हैं मगर मुख्य मंत्री को सब को मिल कर वहां शासन चलाना है । हत्या होने के बाद अगर शव का जुलूस निकलेगा और बड़ी संख्या में लोगों को इकट्ठा होने की इजाजत दी जाएगी तो उपद्रव फैल सकता है । लेकिन इतने महत्वपूर्ण व्यक्ति की हत्या हो जाए और फिर जुलूस को न निकालने दिया जाए तो क्या परिस्थिति न बिगड़े, क्या प्रशासन उसका सामना कर सकेगा, यह प्रशासन के फैसले करने की बात है । लेकिन जो तस्वीर है, माफ करिये, वह एक तरफा तस्वीर नहीं है । भारतीय जनता पार्टी सरकार में शामिल है इसलिए आप उसका नाम ले सकते हैं मगर इससे वहां साम्प्रदायिक शान्ति नहीं होगी । मैं मानता हूं कि इस समय एक तरफा तस्वीर है (**व्यवधान**) क्या किसी को पता था कि विश्व हिन्दू परिषद् के अध्यक्ष की हत्या हुई है (**व्यवधान**)

श्री मीर्जा इर्शादबेग (गुजरात) : उनका बैकग्राऊंड भी जान लीजिये । (**व्यवधान**) आप एक तरफ की बात कर रहे हैं, उनका बैकग्राऊंड भी जान लीजिये । (**व्यवधान**) अगर किसी की भी हत्या होती है तो हम उसकी भर्त्सना करते हैं लेकिन उसका बैकग्राऊंड बताइये । आपको पता होगा । (**व्यवधान**) पिछली बार उनको जेल में डाला गया था वह भी जानिये (**व्यवधान**) कानून किसी को हाथ में लेने की इजाजत नहीं मिलनी चाहिये । (व्यवधान)

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Sir, may I seek a clarification from my esteemed colleague as to why he is talking about the murder of a single person when so many persons were killed in the disturbances?

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : उपसभाध्यक्ष जी, मैं विश्व हिन्दू परिषद् की वकालत करने के लिए नहीं खड़ा हुआ हूं । विश्व हिन्दू परिषद् जनता के सामने जिम्मेदार है, अपने आचरण के लिए वह उत्तर देगी । यदि विश्व हिन्दू परिषद् का नाम ले कर हमला किया जाएगा और जैसे कि गुरुदास दासगुप्ता जी ने कहा था, उन्हें पता नहीं था कि विश्व हिन्दू परिषद् के अध्यक्ष की भी हत्या हुई है । और लोगों की भी हत्या हुई है (**व्यवधान**)

श्री विठ्ठलभाई मोतीराम पटेल (गुजरात) : वह दो ग्रुपों का झगड़ा था (**व्यवधान**)

श्री मीर्जा इर्शादबेग : वह दो ग्रुपों का झगड़ा था, इसको दूसरा टर्न मत दीजिये (**व्यवधान**) बराए मेहरबानी इस को दूसरा रंग मत दीजिये (**व्यवधान**) यह हत्या का कारण कुछ और था और सम्प्रदायवाद नहीं है (**व्यवधान**)

श्री विठ्ठलभाई मोतीराम पटेल : पिछले साल उनको जेल में बन्द किया गया था, क्यों किया गया था, पूरी हिस्ट्री देखिये । (**व्यवधान**)

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : मुझे मालूम है कांग्रेस के राज में गुजरात में अच्छे अच्छे लोगों को जेल में बन्द किया गया था (**व्यवधान**) मुझे मालूम है कांग्रेस के राज में आतंकवाद विरोधी कानून का लाभ उठा कर 16-16, 17-17 साल के मुस्लिम लड़कों को जेलों में बन्द किया गया था और उनके लिए मैं लड़ा था वहां पर (**व्यवधान**) मेरा यह निवेदन है कि यह बहुत महत्वपूर्ण मामला है । साम्प्रदायिक शान्ति के प्रश्न को आरोप-प्रत्यारोप का विषय नहीं बनाना चाहिये ।

SHRI RAJUBHAI A. PARMAR (Gujarat): Why are you talking about only the Vishwa Hindu Parishad? Why are you not talking about hundreds of other persons who have been killed?

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया (बिहार) : ये सारी बातें हो चुकी हैं... (**व्यवधान**)

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : तब मैं था नहीं... (**व्यवधान**)

डा० रत्नाकर पाण्डेय (उत्तर प्रदेश) : अटल बिहारी वाजपेयी की ओर से बोल रहे हैं ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : महोदया, ... (व्यवधान) महोदय, मेरा ध्यान उनकी तरफ था ।

श्री दीपेन घोष: उनका काम हो गया आपका ध्यान उधर रहने से ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : वैसे *चेयर का लिंग भी स्त्रीलिंग ही होता है ।*

महोदय, मैं गृह मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि क्या यह सच है कि गुजरात की सरकार ने अधिक सैनिक बलों की, केन्द्रीय सैनिक बलों की मांग की है ? वे और फोर्सेज चाहते है ? इस समय देश के और भागों में भी फोर्सेज की आवश्यकता पड़ रही है लेकिन गुजरात की आवश्यकता को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए । इस शरारत को वहीं पर दबा देना चाहिए । दंगा करने वाला चाहे हिंदू हो चाहे मुसलमान, उसका दृढ़ता से दमन करना जरुरी है । जब मैं यह कहता हूं तो अपने ईमानदार अंतःकरण से कहता हूं... (व्यवधान) और इसलिए मेरा यह निवेदन है कि इस पर हम राजनीति न करें । अगर कोई संगठन है और उस संगठन के व्यक्ति...मान लीजिए कोई कांग्रेस का व्यक्ति किसी दंगे में उलझ जाये तो हम पूरी कांग्रेस को तो दोष नहीं दे सकते ! या दे सकते है ? धन्यवाद ।

श्री मोहम्मद खलीलुर रहमान (आंध्र प्रदेश) : जनाब वाइस चेयरमैन साहब, पिछले चंद दिनों से रियासतें गुजरात के मुख्तलिफ शहरों में जो फिरकेवाराना फसादात हो रहे हैं वे काबिले मजम्मत और आजाद हिंदुस्तान के माथे पर एक कलंक है । जहां तक रियासते गुजरात का सवाल है वहां कोई पहली दफाये हंगामे नहीं हो रहे हैं, पिछले 10-15-20 सालों से हम यह देख रहे हैं कि थोड़े थोड़े वकफे से वहां पर फिरकेवाराना फसादात होते रहते है । इन फसादात में सैकड़ों की तादाद में इन्सानी जानें जाया हो जाती हैंऔर कई लोग जख्मी हो जाते हैं और करोड़ों के जानों माल का नुकसान सहना पड़ता है । लिहाजा जहां तक गुजरात रियासत का सवाल है यह एक इंतिहाई सेंसिटिव रियासत है, जहां तक कौमी और फिरकेवाराना यकजहती का सवाल है । लिहाजा खुद रियासत की हुकूमत को और खासतौर पर मरकजी हुकूमत को तबज्जह देनी पड़ेगी कि किस तरह उस रियासत में हिंदू मुस्लिम इत्तिहाद और भाईचारगी की फिजां पैदा हो सके ।

अभी हम सबके मतालबे पर वजीरे दाखिला साहब ने एक स्टेटमेंट पेश किय और उस स्टेटमेंट से यह जाहिर होता है कि 10 मार्च से रियासत गुजरात के मुख्तलिफ शहरों में ये फसादात होते आ रहे हैं, गोया आज करीब करीब एक महीना हो गया है । जब पहली दफा फसादात हुए थे तो उस वक्त प्रीवेंटिव मेजर के तौर पर क्या इंतजामात किये गये थे यह मैं मुअज्जिज होम मिनिस्टर से जानना चाहूंगा । स्पेशल इन्क्वायरी की बात है कि स्पेशल कोर्ट कायम किये जायेंगे ताकि मुकदमात की जल्दी से जल्दी सुनवाई हो सके । फिर मरने वाले को, जख्मी होने वालों को क्या मुआवजा दिया गया है इसकी तफसील इस स्टेटमेंटमें नहीं है । मैं मुअज्जिज होम मिनिस्टर

साहब से यह कहना चाहूंगा कि बराहे करम इस पर रोशनी डालें। शुक्रिया।

†[شری محمد خلیل الرحمان

(اُندھرا پردیش) : جناب وائس چیرمین صاحب، پچھلے چند دنوں سے ریاست گجرات کے مختلف شہروں میں جو فرقہ وارانہ فسادات ہو رہے ہیں وہ قابل مذمت ہیں اور آزاد ہندوستان کے ماتھے پر کلنک ہیں۔ جہاں تک ریاست گجرات کا سوال ہے وہاں کوئی پہلی دفعہ یہ ہنگامے نہیں ہو رہے ہیں - پچھلے دس - پندرہ - بیس سالوں سے ہم یہ دیکھ رہے ہیں کہ تھوڑے تھوڑے وقفے سے وہاں پر فرقہ وارانہ فسادات ہوتے رہے ہیں - ان فسادات میں سینکڑوں کی تعداد میں انسانی جانیں ضائع ہوئی ہیں - اور کئی لوگ زخمی ہو جاتے ہیں اور کروڑوں کے جان و مال کا نقصان سہنا پڑتا ہے - لہذا جہاں تک گجرات ریاست کا سوال ہے، یہ ایک انتہائی سینسیٹو ریاست ہے - جہاں تک قومی اور فرقہ وارانہ یکجہتی کا سوال ہے - لہذا خود ریاست کی حکومت کو اور خاص طور پر مرکزی حکومت کو توجہ دینی پڑے گی - کہ کسی طرح اس ریاست میں ہندو اور مسلم اتحاد اور بھائی چارگی کی فضا پیدا ہوسکے -

ابھی ہم سب کے مطالعے پر وزیر داخلہ صاحب نے ایک سٹیٹمنٹ پیش کیا ہے اور اس سٹیٹمنٹ سے ظاہر ہوتا ہے کہ ۱۰ مارچ سے ریاست گجرات کے مختلف شہروں میں یہ فسادات ہوتے آرہے ہیں - گویا آج قریب قریب ایک مہینہ ہو گیا ہے - جب پہلی دفع فسادات ہوئے تھے تو اس وقت پریویلنٹو میجر کے طور پر کیا انتظامات کئے گئے تھے یہ میں معزز ہوم منسٹر سے جاننا چاہونگا - اسپیشل انکوئری کی بات ہے - کہ اسپیشل کورٹ قائم کئے جائینگے تاکہ مقدمات کی جلدی سے جلدی سنوائی ہو سکے - پھر مرنے والوں کو، زخمی ہونے والوں کو کیا معاوضہ دیا گیا ہے ؟ اسکی تفصیل اس اسٹیٹمنٹ میں نہیں ہے - میں معزز ہوم منسٹر صاحب، یہ کہنا چاہوں گا کہ براہ کرم اس پر روشنی ڈالیں -]

†[] Transliteration in Arabic Script.

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry): Please look to this side also.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY): I am giving every party an opportunity to express its views on this very very important subject.

SHRI SHABBIR AHMAD SALARIA: (Jammu and Kashmir): Sir, I should also be given an opportunity.

श्री अनन्त राम जायसवाल : (उत्तर प्रदेश) : महोदय, साम्प्रदायिक दंगों का इतिहास यह बताता है कि ये दंगे एकाएक नहीं हो जाते हैं । दंगों के बहुत पहले से महीनों पहले से इश्तियालअंगेजी होती है, या उत्तेजना फैलाई जाती है ।

तो मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या ऐसी उत्तेजना वहां पहले से मौजूद थी और अगर थी तो वह कौन से एलिमेंट्स हैं, जो इसको फैला रहे थे और उन पर काबू पाने के लिए क्या समय रहते कोई प्रशासनिक कार्यवाही हुई या नहीं हुई ?

SHRI SHABBIR AHMAD SALARIA: I would like to ask a few questions from the hon. Minister. These questions arise from the statement of the Minister.

First, the hon. Minister has referred to an incident of 10th March followed by an incident of 27th of March, During this period he had sufficient time to take steps to see that this trouble does not spread. I would like to know whether any steps were taken by the State Government to ensure that the spread of communal trouble does not take place. This is not clear in his statement. This may kindly be made clear.

Secondly, I would like to know whether there are certain organisations or associations which preach against certain communities. For instance, the RSS is an organisation which preaches against certain communities and certain people. Will he point out if such organisations are there in Gujarat?

Thirdly, will he also enlighten the House that the person who killed Mahatma Gandhi also hailed from that area?

Fourthly, will he kindly give us the break up of the anti-social elements which he has referred to in his statement? What is the break up and how are they anti-social? In what sense are they anti-social and what anti-social activities have they committed?

Fifthly, will he let us know whether in our text-books for students and children there are certain subjects and teaching material which lead to communal apathy and communal tension. I would like to know whether the Government would take steps to remove those things from our text-books.

Sixthly, when riots took place in Delhi in 1984, we appointed a judge to go into those riots. Will he now appoint a judge in whom everybody has got confidence to go into the matter and find out as to how the riots took place and if there was some State Government Minister involved in these riots? If so, who is he and what are his particulars?

Seventhly, will he kindly point out whether it was with reference to the Kashmir issue that the procession was taken out? Will he point out whose procession that was and what was the purpose of that procession?

These are the questions which are looming large and which have found no answer in the statement of the Minister.

Ultimately I may point out that India is a country which is devoted to secularism. Is it not that it is devoted to secularism only on paper and it is stated in the Constitution, but in actual practice it is not so. Will the Government take steps to see that this slogan of secularism this promise of secularism is translated into practice?

Moreover, will he point out how many riots throughout India have taken place since 1947 and what is the effect of these riots on the Jammu

and Kashmir State. Is it not the turmoil in Jammu and Kashmir the direct result of what is happening in India and that the principle of secularism is being violated?

PROF. SOURENDRA BHATTACHARJEE (West Bengal): Mr. Vice-Chairman, Sir, I hope the Home Minister will not feel sorry if I describe the statement of his a very biased one without reflecting the gravity of the situation in Gujarat. It has been continuing for about a month and the fact of the matter is that for the past few years, Gujarat has been witnessing communal riots quite often. In these circumstances, the Government should have been in a position to identify those who are responsible for the riots without just laying the blame at the door of the colourless anti-social elements. What is their identity? For example, that rally over Kashmir, what were those incidents? A question was raised by Mr. Md. Salim, what were the organisations which organised the rally which resulted in the communal riots? It has taken a toll—by the Government's own admission—of 48 lives It is not that the situation even now is under control. So why does the Government feel shy of naming those organisations who were behind these riots? That is one thing.

There are law and machinery aspects, para-military forces have been deployed, Army making flag march, but to what effect? Riot has not been stopped. Voluntary organisations have been involved only in the case of relief. Even during the British days when there was Muslim League rule in Bengal, I have the experience of peace committee work, where the peace committee worked very actively to resist any provocation, any attempt, on the part of anyone, to create riots. Such peace committee worker, it seems from the statement, has not been taken up involving every well-meaning citizen, every political work and every secular organisation. These things must be restored to. Other suggestions have been made and I request the Home Minister not just give a routine reply but to give a lively reply which is required under the circumstances; otherwise once again we may have the repetition of this very thing. I hope he will do so.

श्री सैयद सिब्ते रज़ी : मान्यवर, जब समझौते की सरकार बन जाती है तो देश में सांप्रदायिक तनाव का हाल ऐसा ही होता है जैसे गुजरात में हो रहा है या बिहार में उससे पहले हुआ है।... (व्यवधान) मेरे कहने का मतलब यह है कि बुनियादी बातों के ऊपर तो राष्ट्रीय सहमति की बात हो सकती है, लेकिन सांप्रदायिक तत्वों से राष्ट्रीय सहमति करके सरकारें बनाई जाएं इस बात से देश की राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सौहार्द को बहुत बड़ा खतरा खड़ा हो जाता है और जब राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सौहार्द का सवाल उठता है तो यह देखना पड़ता है कि सरकार के दाहिने और बायें कौन लोग हैं। आज गुजरात में जो हो रहा है उसकी सारी जिम्मेदारी किन लोगों पर जाती है ? उसकी सारी जिम्मेदारी उन लोगों पर जाती है जो शासन में हिस्सा बंटा रहे हैं। माननीय गृह मंत्री जी ने साफ कहा है कि,

"I would like to re-assure this august House that the sinister designs of communal and divisive forces will not be allowed to succeed."

मैं उनसे जानना चाहूंगा कि ये कौन सी ताकतें हैं ? सरकार के बाहर की ताकतें हैं या सरकार के अन्दर बैठी हुई ताकतें हैं ? जौड़ीदारी की सरकार की ताकतें हैं या सड़क पर चलनेवाली ताकतें हैं ? मैं "स्टेट्समैन" अखबार को कोट करना चाहूंगा जिसने पुकार-पुकार कर कहा गया है कि चिमन भाई पटेल को अपने प्रदेश की पुलिस पर कोई भरोसा नहीं रहा है। उपसभाध्यक्ष महोदय, सबसे बड़ा खतरा उस वक्त खड़ा होता है जब "गाजियंस आफ ला एंड आर्डर" के ऊपर से लोगों का फेथ उठ जाता है। महोदय, अभी वाजपेयी जी ने पूछा कि आप कितनी पैरा मिलिटरी फोर्सेज भेज रहे हैं ? तो सवाल यह उठता है कि क्या गुजरात की पुलिस निकम्मी हो गयी है या उस

पर से लोगों का ऐतबार उठ गया है या वह वहां पर "पार्टीजन रोल' अदा कर रही है और चिमन भाई पटेल के कहने से वहां काम नहीं कर रही है ? ऐसी परिस्थिति में सरकार के लिए सांप्रदायिक तनाव को रोकना एक बहुत बड़ी चुनौती का काम हो जाता है । महोदय, स्टेट्समैन में कहा गया है कि—

"With most senior leaders of the BJP camping in Calcutta, where the party is holding its national session, the foot-soldiers of the saffron party and its allies like the Vishwa Hindu Parishad are openly engaged in whipping up communal passions."

THE VICE-CHAIRMAN (DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY): Please ask your clarifications.

SHRI SYED SIBTEY RAZI: I am asking my clarifications, Sir.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: He is making an allegation.

SHRI SYED SIBTEY RAZI: No, I am not making an allegation.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: I am prepared to quote from another paper. Let us not go into that.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY): We are interested in communal peace and we want that the efforts of the Centre and this House should help in restoring communal harmony. Let our suggestions be constructive.

श्री सैयद सिब्ते रज़ी : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से गृह मंत्रीजी से जानना चाहूंगा, स्टेट्समैन के अंदर लिखा हुआ है कि—

B.J.P. is whipping up communal passion.

और उसमें जो इसका तस्करा किया है कि किस तरह से वहां पर सेफरन टर्बन के लोग परेड कर रहे हैं जिस की वजह से आतंक छा रहा है । तो इसमें कहां तक सत्यता है ? दूसरी बात यह रमजान का महीना है । आप ने कर्फ्यू लगा रखा है । क्या आप बताने की कृपा करेंगे कि इफ्तार के लिए और मस्जिदों में नमाज अदा करने जाने के लिए आप उनको रिलैक्सेशन दे रहे हैं ? एंटी स्पेशल एलीमेंट्स में आप ने किन-किन लोगों को आप ने पकड़ा है ? उनकी पार्टी से क्या एफिलिएशंस हैं ? सरकार वहां कुछ काम करना चाह रही है; लेकिन सांप्रदायिक तत्व जोकि सरकार में हैं वह उसे काम नहीं करते दे रहे हैं । मैं माननीय मंत्रीजी से इन सारी बातों के बारे में जानना चाहूंगा ।

श्री शांति त्यागी : (उत्तर प्रदेश) : महोदय, मैं सिर्फ एक प्रश्न करूंगा । महोदय, यह बात सुनी गयी है कि हमारे जो आर्मी जनरल हैं, उन्होंने यह बात कही है कि देश के अंदर जो इस तरह की घटनाएं होती हैं, उन में आर्मी को एम्प्लाय नहीं किया जाए तो बेहतर होगा । मैं माननीय गृह मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि अगर हमारी आर्मी यूनिटों को भेजने के लिए आदेश नहीं मिले तो क्या और कोई फोर्सेज हैं जिन को आप वहां गुजरात में भेजेंगे ? **(व्यवधान)**

श्री विठ्ठलभाई मोतीराम पटेल : महोदय, मैं गृह मंत्रीजी से इतना ही जानना चाहूंगा कि उन्होंने अपने स्टेटमेंट में कहा है कि—

I am in constant touch with the Chief Minister.

तो क्या मुख्य मंत्रीजी ने आप को बताया है कि उसके पीछे कौन एलीमेंट्स हैं ? तो बात एम.एल.एज. जानते हैं, हम लोग जानते हैं तो उन्होंने आप को बताया होगा कि रायटस के पीछे कौन हैं ? नंबर दो वाजपेयी जी ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद के प्रमुख को भालेज में मार दिया गया । तो मुख्य मंत्री ने आप को बताया होगा कि मारनेवाला कौन था ? वे गैंग वार में मरे या किसी दूसरे कारण से मरे और मारनेवाले को पकड़ा क्यों नहीं ? तीसरी बात अहमदाबाद शहर अहमदशाह बादशाह ने बनाया था, कोई हिंदू धर्म वालों ने नहीं बनाया था । ये भा.ज.पा. वाले म्युनिसिपल कार्पोरेशन में शासन में आए तो अहमदाबाद का

नाम कलंकावती कर दिया। महोदय; ऐसी चीज करना ठीक नहीं है। इससे हालत बिगड़ती है, तंगदिली बढ़ती है। इसलिए मैं चाहूंगा कि गृह मंत्रीजी इस बारे में स्थिति स्पष्ट करें। ये तीन चीजें बताएं।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY): Please cooperate. (*Interruption*).

SHRI S. S. AHLUWALIA: Sir, I belong to minority community and I have got special grievance. Why you will allow me to speak?

उपसभाध्यक्ष महोदय; नर्मदा और साबरमती की नदियां खून से बह रही हैं और हम जब उस पर विचार करने के लिए यहां पर बैठे हैं तो तरह-तरह के एक दूसरे पर ताने कसे जा रहे हैं; लेकिन शर्म उस वक्त आती है, जब हमारे मुल्क के गृहमंत्री एक कूड़े का कचरा ले आकर हमारे सामने रख देते हैं। यह अखबारों का कूड़ा है। 5.00 P.M.

महोदय, मैं आपके माध्यम से गृहमंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि पिछले 15–20 दिनों से यह दंगे हो रहे हैं; तो कितने सीनियर आफीसर या कितने मिनिस्टर लोगों ने यहां से जाकर अहमदाबाद का दौरा किया है या गुजरात का दौरा किया है? दूसरा, आपके माध्यम से जानना चाहता हूं, हमारी जो इंफोरमेशन है, कि गुजरात के एक मिनिस्टर इन दंगों में इन्वोल्वड हैं, उनके बारे में आप क्या जानते हैं? इस बारे में सदन को बताने की कृपा करें।

महोदय, मैं आपके माध्यम से यह भी जानना चाहता हूं कि जैसा गृहमंत्री जी ने लिखा है कि कश्मीर के इस्यू पर वहां पर जुलूस निकले थे, तो क्या जुलूस आदम सेना ने निकाले थे या विश्व हिंदू परिषद् ने निकाले थे या शिव सेना ने निकाले थे या बजरंग दल ने निकाले थे या कांग्रेस पार्टी ने निकाले थे या बी.जे.पी. ने निकाले थे या जनता दल ने जुलूस निकाले थे? और उस जुलूस में क्या-क्या स्लोगन उठाए गए थे? जैसा कि मेरे दोस्त सलीम भाई ने अभी सवाल किया; उस बारे में बताएं कि वे कौनसे स्लोगन थे, जिन्होंने एक शांति-प्रिय गुजरात का माहौल आग-बबूला कर दिया?

महोदय, यह रमजान का महीना है और आप कहते है कि असेन्सियल कमोडिटीज की व्यवस्था की गई है। मैं आपके माध्यम से पूछना चाहता हूं कि यह रमजान का महीना है, सारा दिन लोग इबादत करते हैं रोजा पालन करते हैं और रात के वक्त उनके यहां खाना बनता है, वह लोग खाते हैं और सुबह सूरज उगने से पहले फिर उनको खाने की जरूरत पड़ती है और जब रात के वक्त कर्फ्यू हो तो उस रमजान का पालन करने वाले, रोजा करने वाले व्यक्ति को आप किस तरह की राहत दे रहे हैं?

महोदय, मैं आपके माध्यम से गृह मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि वे इस सदन को बताएं कि वे कब अहमदाबाद का दौरा करने जा रहे हैं और बताएं कि अभी तक यह सरकार क्यों सो रही थी? अभी तक एक हाई पावर टीम अहमदाबाद का दौरा करने क्यों नहीं गई और इंटेलीजेंस की इस बारे में क्या रिपोर्ट है कि यह नोकझोंक किस बात पर हुई? मैं आपके माध्यम से यह भी मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि गुजरात में कहीं कोई पाकिस्तानी ट्रेण्ड टैरारिस्ट तो नहीं घुस आए हैं, जिन्होंने यह दंगा-फसाद किया हो? क्या वहां के कुछ संख्यक, फंडामेंटलिस्ट चाहे वह मुसलमानों के अंदर हों या हिंदुओं के अंदर हों, वह कौन लोग दंगे के पीछे हैं? उनको आइडेंटीफाई किया गया या नहीं? उनको अरेस्ट किया गया या नहीं? यह गृहमंत्री अपने जवाब में बताएं।

श्री मुहम्मद अमीन अंसारी (उत्तर प्रदेश): सर, एक मिनिट। रमजान का महीना चल रहा है, रोजा चल रहा है, रोजा खोलने के लिए पानी नहीं है; पानी व दूध को तरस रहे हैं... (व्यवधान)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY): No, no, I have given enough time, rather more

than enough. ...(*Interruptions*).... Please take your seats ...(*Interruptions*)... All of you please take your seats. Kindly cooperate with me. ...(*Interruptions*)... Please cooperate, Iverybody has been given a chance. Everybody has expressed his view...(*Interruptions*) Please take your seats. On one Special Mention we have spent more than two hours and at the same time the Minister has also made a statement. And he has to give clarifications. ..(*Interruptions* Kindly take your seats. ..(*Interruptions*) . Please take your sats. This is not reasonable. All the opinions have been expressed. All the points have been made by you... (*Interruptions*)... These views have already been expressed in an agitated manner. Everybody has been given adequate chance. You must cooperate.

श्री राम नरेश यादव (उत्तर प्रदेश) : महोदय, यह बड़ा संवेदनशील मामला है और बहुत महत्वपूर्ण है। मैं कहना चाहता हूं कि इस पर तो ... (**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY): No, no. Everyparty has been given a chance. So, now you should co-operate with the Chair... (*Interruptions*)...All of you, please take your seats. The business of the House has to be carried on. Kindly co-operate... (*Interruptions*)... Please take your seats.

श्री राम सिंह राठवा : (गुजरता) : सर, मैं बाड़ौदा से आता हूं, जहां पर दंगे हुए हैं और मुझे बोलने न दिया जाए।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY): All right. Yes, Mr. Rathwa. You are the last speaker. Please put your questions.

श्री राम सिंह राठवा : सर; बहुत सारी मेरे माननीय दोस्तों ने बताई हैं, लेकिन मैं जो कुछ बतने जा रहा हूं; वह बहुत ही महत्वपूर्ण और गंभीर है। जहां तक मेरे मित्र ने बताया कि इतने सारे दंगे हुए लेकिन केन्द्र से कोई मिनिस्टर नहीं गया; मैं वहां तक तो मान लेता हूं, लेकिन गुजरात गवर्नमेंट के 3 मिनिस्टर, उनका वहां सरकार समारंभ हो रहा था। एक तरफ वहां दंगे हो रहे थे और दूसरी ओर 3 मिनिस्टर का एक भवन में सत्कार समारंभ हो रहा था और दंगाग्रस्त विस्तार को किसी को देखा भी नहीं; उसके बारे में भी क्या सरकार को कुछ पता है? अगर वहां तीन मिनिस्टर गए हैं तो वह कौन से इलाके में गए हैं? (**व्यवधान**)..

श्री जगेश देसाई : कौन-कौन से मिनिस्टर, नाम लीजिए आप।

श्री राम सिंह राठवा : वह पता होगा उनको, मेरे पास तो है। अगर यह सरकार बताने के लिए तैयार नहीं हैं तो मैं बता सकता हूं। लेकिन यह बहुत गंभीर बात है। यह प्रापर बड़ोदा की बात है। आप चाहें तो मैं नाम ले सकता हूं क्योंकि अगर मैं नाम लूंगा तो आप कहेंगे कि ये इस हाऊस के मैम्बर नहीं हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : बताइए, नाम बताइए। ...(**व्यवधान**)...

श्री राम सिंह राठवा : एक तो मोहन सिंहभाई राठवा है, दूसरे, करसन दास सोनेरी और मिस्टर ठाकुर है। ये तीन मिनिस्टर वहां आए थे, उनका सत्कार समारंभ किय, गया और उसके बाद वह इस बारे में थोड़ा-बहुत बताने के बाद उनका फंक्शन समाप्त हुआ है।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. G VIJAYA MOHAN REDDY): Now, the honourable Minister.

श्री संतोष बागड़ोदिया : (राजस्थान) : मैं कह रहा हूं कि मैं राजस्थान से हूं और गुजरात से दंगा यहां आ रहा है राजस्थान में। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY): I am not going to allow anybody. I have given the maximum time for clarifications. You must be constructive. A lot of time has been given. Kindly co-operate. Now, the honourable Home Minister.

श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद : डिप्टी चेयरमैन साहब, आज यहां गुजरात में जो दंगे हुए हैं, उसके बारे में पहले स्पेशल मेंशन में ही बहुत सारे ऑनरेबल मैम्बरान ने अपने ख्यालात का इजहार किया। उसके बाद स्टेटमैंट के बाद फिर बहुत सारे मैम्बरान ने कुछ सुझाव दिए।

बड़ी अजीब बात है कि गुजरात, जो महात्मा गांधी की जन्म-भूमि है, जिसने सारी दुनिया को अमन और शान्ति का पैगाम दिया, वहां आज से नहीं बल्कि कई सालों से ऐसा फिरकावाराना माहौल और नफरत का माहौल पैदा हुआ है। तो इसके क्या वजूहात हैं? कभी ऐसा भी कहा जाता था कि कुछ ऐसे एण्टी सोशियल एलीमेंट्स जिनका आपस में टकराव होता है, आप इंसान को इस तनाव के माहौल में फिरकावाराना रंग देकर इस्तेमाल करते हैं। असेंबली चुनाव, लोक सभा के चुनावों से ही वहां के बारे में जो हमारे पास रिपोर्ट है उसके अनुसार अगर कहीं सबसे ज्यादा कौमी दंगे हुए हैं तो वह गुजरात में हुए है जहां गांव-गांव तक चाहे वह सूरत है, चाहे बड़ौदा है वहां दंगे हुए हैं। तो जैसा मैंने अपने स्टेटमेंट में भी कहा है कि यह तो एक बहाना ढूंढते की देर होती है कि कहीं सिनेमा टिकट की ब्लैक हो गई, कहीं किसी लड़की को छेड़ दिया तो तुरंत एक माहौल बन जाता है।

केवल चीफ मिनिस्टर के कहने से नहीं होता है। कई ऐसे इलाके हैं जहां महीनों दंगे चले लेकिन सरकार के कंट्रोल की बात नहीं है। लोगों में एक ऐसा माहौल पैदा होता है जो उन्हें उकसाता है। उसमें मैं इस बात से इत्तफाक करता हूं कि इस समय देश में जो हालात हैं और जो बाहर की ताकतें यहां टकराव का एक माहौल पैदा करने की कोशिश कर रही हैं, उससे खतरा उत्पन्न हो गया है।

जैसे अभी बटाला की घटना हुई। वहां सीधे उस आतंकवादी ने यह किया कि जिस जगह से रामनवमी का जलूस निकल रहा था, उस पर अटैक किया और उसी जगह पर अटैक किया जहां से गुरुद्वारा नजदीक था। उसका प्लान यही था कि जब अटैक हो जाए तो हिंदू मजबूर होकर गुरुद्वारे पर हमला करें।

मैं यह कहना चाहता हूं कि जब भी हमारे देश में यह दिलों का बंटवारा होगा या हिन्दू और मुसलमान की लड़ाई होगी तो उससे देश कमजोर होगा। मैं समझता हूं कि कोई भी व्यक्ति चाहे वह हिंदू हो या मुसलमान हो, जो हिंदुस्तान को, भारत को एक महान देश देखना चाहता है तो उसे बुनियादी तरीके से इस हिंदू और मुसलमान की लड़ाई को रोकना होगा वरना देश कमजोर हो जाएगा। अगर आपस में भाई-भाई लड़ेंगे तो देश मजबूत नहीं रहेगा।

मेरा यह कहना है कि चीफ मिनिस्टर ने बराबर वहां कोशिश की वे हमारे साथ लगातार टच में रहे। उन्हें जितनी फोर्स की जरूरत थी उतनी पैरा मिलिट्री फोर्स हमने वहां पर भेजी। उन्होंने तमाम पार्टियों की मीटिंग भी बुलाई बल्कि कांग्रेस पार्टी के भी जो रहनुमा थे, उनको भी बुलाया, पीस कमेटी बुलाई, मुख्तलिफ आर्गेनाइजेशंस को इन्वाल्व किया और परसों जब बड़ौदा में ऐसा होने का अंदेशा था तो वहां गए और वहां आर्मी ने फ्लैग मार्च किया। इस प्रकार सिचुएशन को संभालने में उन्होंने अपनी ओर से कोई कसर नहीं छोड़ी। जब ऐसे कम्युनल दंगे होते हैं तो गवर्नमेंट के पास एक लिस्ट होती है, जो एंटी सोशल एलीमेंट्स होते हैं उन पर कड़ी निगरानी रखी जाती है। इसके अलावा अहमदाबाद में सिक्योरिटी ऐक्ट का भी इस्तेमाल किया गया। आप कह रहे हैं कि कंट्रोल एकदम से नहीं हुआ। वहां उन्हें आर्मी बुलानी पड़ी, कर्फ्यू लगाना पड़ा। गिरफ्तारियां करनी पड़ीं। तो आपस में वह लड़ाई और झगड़े का वह माहौल आ जाता है कि कहीं-कहीं किसी गुट विशेष के खिलाफ माहौल पैदा करने की कोशिश की जाती है। लेकिन चीफ मिनिस्टर साहब ने अपनी तरफ से पूरी कोशिश की। मेरी उनसे आज भी टेलीफोन पर बातचीत हुई और हमने वहां ऐसेन्शियल कमोडिटीज पहुंचाने की

पूरी व्यवस्था की । अहमदाबाद में 6 और 7 तारीख को यह हुआ... (व्यवधान)

डा० रत्नाकर पाण्डेय : सर मेरा एक प्वाइंट आफ आर्डर है... (व्यवधान) जिस संदर्भ में मंत्री जी बोल रहे हैं, उसी संदर्भ में है... (व्यवधान) हजारी सुरक्षा से ध्यान हटाकर देश को तोड़ने में लगे हुए हैं, इस बारे में मंत्री जी का क्या कहना है ?

THE VICE-CHAIRMAN (DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY): The Minister is replying... (*Interruptions*)

श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद : हमारे पास कोई ऐविडेंस नहीं है कि बाहर से कोई ट्रेन्ड लोग आए हैं, ऐसा कुछ नहीं है । जैसे इन्होंने कहा कि कोई मिनिस्टर इवाल्व है, ऐसा नहीं है, कोई मिनिस्टर वगैरह इंवाल्व नहीं है बल्कि सारी जो टीम है वह इस बात में लगी हुई है कि माहौल जल्दी से जल्दी नार्मलसी पर आ जाए । पूरे शहर में या दूसरी जगह पर स्थिति पूरी तरह कंट्रोल में है । ऐसी कोई घटना नहीं हुई है ।

दूसरे इन्होंने एसेंशल कमोडिटीज की बात कही । वहां पर यह ट्रेडीशन है, कई वालंटरी आर्गनाइजेशंस हैं जिन्होंने मदद की है, जहां कोई मरा है, चाहे दंगे में मरा है या पुलिस की गोली से मरा है, उन्होंने कंपेंसेशन देने का इंतजाम किया है । सरकार के पास पहले 20 हजार देने का नियम था, लेकिन अब नई गाइडलाइन के अनुसार उसको 50 हजार कर दिया है । उन्होंने 20 हजार किया है, लेकिन होम मिनिस्ट्री की तरफ से, गवर्नमेंट आफ इंडिया की तरफ से गाइडलाइंस दी गई हैं कि 20 हजार के बजाय 50 हजार दिया जाए । जो उनके डिपेंडेंट्स हैं, घर में कोई नौकरी के लायक हो, पढ़ा लिखा लड़का या लड़की हो तो उसको इंप्लायमेंट देनी चाहिए । गुजरात के चीफ मिनिस्टर ने कुछ स्टेप्स लिए हैं और मैं समझता हूं कि उससे माहौल पर असर पड़ा है और हालात को कंट्रोल करने की कोशिश की है ।

वहां पर जो सेंसिटिव एरियाज हैं, कस्बे हैं, गांव हैं वहां पुलिस पेट्रोलिंग कर रही है । इल्लीगल वैपंस किसी के पास है या वे जिस फिरके से ताल्लुक रखते हैं, उनसे सामान ले रहे हैं । डिप्लायमेंट आफ फोर्सेज जो हैं, उसकी कमी नहीं है । जितना उन्होंने मांगा, हालांकि हर जगह उसकी मांग है, लेकिन हमने प्रायोरिटी पर गुजरात सरकार को दी । इन्होंने कह दिया कि लोकल पुलिस का लोगों पर कंट्रोल नहीं है । लोकल पुलिस के बारे में जब भी ऐसे सांप्रदायिक दंगे होते हैं तो शिकायत आती है, लेकिन गुजरात में कोई शिकायत नहीं आई है । लोकल पुलिस अच्छे ढंग से काम कर रही है । लोकल पुलिस ने बहुत अच्छे तरीके से अपना फर्ज निभाया है । जितने भी ऐंटी सोशल एलिमेंटस हैं, जिनके रेकार्ड हैं, उनको गिरफ्तार किया है और किया जा रहा है । "टाडा" का भी अब इस्तेमाल किया जा रहा है । पता नहीं पहले कैसे इस्तेमाल किया जाता था । लेकिन अब अच्छे ढंग से इस्तेमाल किया जा रहा है । करफ्यू लगाना वहां पर जरूरी है, रमजान के वक्त रोजा के वक्त सुबह और शाम के वक्त करफ्यू में रिलेक्सेशन दी जा रही है ।

जहां भी इस तरह के दंगे होते हैं, वहां किसी को सजा नहीं मिलती है कहीं केस रजिस्टर नहीं होता है । अगर रजिस्टर होता है तो ऐविडेंस नहीं मिलती है । लोग आपस में सुलह-सफाई करके केस खत्म कर देते हैं । हमने कोशिश की है उनको सजा दी जाए । जहां भी कोई जलूस निकले, जैसे अटल जी ने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद् के लीडर थे उनके फ्यूनरल का था, उसमें 30 हजार लोगों ने शिरकत की है । उसमें वीडियो कैमरा का इस्तेमाल किया है ताकि ऐंटीसोशल लोग जो हैं, जो अमन को खराब करते हैं, उनको पकड़ा जा सके ।

इसी तरह से प्रेस के साथ भी एक ताना-बाना, पब्लिक रिलेशन रखा जा रहा है । उनको भी कह दिया कि जो भी खबरें हों, वे इस तरीके से दी जाएं कि लोगों में आपस में झगड़ा न हो । जैसे पीस कमेंटी उन्होंने हर शहर में

बड़ौदा में, अहमदाबाद में, तमाम पार्टीज़ की पीस कमेटी बनाई हैं । मुझे तो नहीं लगता है कि इसके बगैर कोई और चारा है । एक तो ऐडमिनिस्ट्रेशन, दूसरे जितनी भी पार्टीज़ हैं उनको हर जगह गांव के लेवल पर, कस्बे के लेवल पर, शहर के लेवल पर उनको इंवाल्व करें और ऐडमिनिस्ट्रेशन को भी सख्ती करनी पड़ेगी । मुझे उम्मीद है कि गुजरात में जो हालात हैं, उन पर काबू करने की कोशिश की जा रही है और वहां की सरकार ने जो भी मदद हमसे मांगी है, हमने मदद दी है । मैं आज ही वहां जाना चाहता था, लेकिन हमारा एजेंडा हेवी था । सात-आठ घंटे तो स्पेशल मेंशन और दूसरे सवालात पर लग गये ।... (व्यवधान) आर्मी को वहां हमने कॉल किया है । . .

SHRI MIRZA IRSHADBAIG: I demanded for an all-party delegation. Why don't you send it for a thorough enquiry?

श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद : अहमदाबाद और बड़ौदा में आर्मी ने फ्लैग मार्च किया है । आर्मी की मदद ली गई है ।

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: The affected areas should be handed over to the Army.

श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद : इतना वहां नहीं हुआ कि लोकल एडमिनिस्ट्रेशन और पुलिस का कालेप्स नहीं हुआ है । आर्मी के हवाले कर देने की पालिसी ठीक नहीं है । आर्मी बाहर के खतरे का मुकाबला करने के लिए होती है । अंदरूनी मामलों के लिए आर्मी नहीं होती है । कहीं बहुत जरूरत हो तो तब आर्मी की जरूरत होती है । अन्दरूनी मामले को ठीक करने के लिए आर्मी का कम से कम इस्तेमाल होना चाहिए, हम इस पालिसी के हैं ।

SHRI VISHVJIT P. SINGH (Maharashtra): It is for the first time that the hon. Home Minister has given a factual reply. He has not indulged in any political speech. And I must say, Sir, that this is for the first time that we have not interrupted him because he has given a factual reply.

SPECIAL MENTIONS— CONTD.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY): Very good. Now Special Mention by Shri Suresh Kalmadi.

Restoration of Multi-Party System in Nepal-Contd.

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry): Mr. Vice-Chairman, Sir, we passed a unanimous resolution in this House that we welcomed the multi party system in Nepal. (*Interruptions*) What is the reaction of this Government in welcoming and complimenting the people of Nepal? The Government's reaction is not known. They have not said anything to the other Government in complimenting and felicitating the people of Nepal. This Government has not reacted so far. Therefore, we would like to know...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY): It is all right. Now Special Mention by Shri Suresh Kalmadi.

SHRI V. NARAYANASAMY: Whether any letter has been sent in this regard to the people of Nepal, the valiant warriors of Nepal, those people who have been involved in the democratic process there. This Government is silent about it. Therefore, we would like the Government to come with a statement in this regard.

(*Interruptions*)

SHRI KAPIL VERMA (Uttar Pradesh): Let the Government react to this.

SHRI V. NARAYANASAMY: The Government's reaction is not there. The Leader of the House is sitting here. We want to know whether they feliciatated and complimented the people of Nepal.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY): In the morning, a Special Mention was there.